**Date:01/07/2024**

**भाषा विवि के उर्दू विभाग के प्रो. अशरफी हुए सेवानिवृत्त**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के ऊर्दू विभाग के वरिष्ठ प्रोफ़ेसर सैय्यद शफीक अहमद अशरफी के सेवानिर्वत कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के अटल सभागार में किया गया। प्रो. अशरफी ऊर्दू विभाग के साथ ही भाषा विश्वविद्यालय के भी वरिष्ठ प्रोफ़ेसर रहे। आपने भाषा विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों के साथ शैक्षणिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। प्रो. अशरफी भाषा विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रोफेसरों में से रहे। फेयरवेल कार्यक्रम में ऊर्दू विभाग के डॉ. अकमल ने प्रो. अशरफी का जीवन परिचय दिया। अशरफी साहब के फेयरवेल कार्यक्रम के अवसर पर सभी शिक्षकों ने उनके साथ किए गए कार्यो के अनुभव को याद करते हुए मुबारकबाद दी। प्रो. अशरफी के सेवानिर्वत्त के कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि हम सभी साफ सुथरी छवि के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। सेवानिर्वत्त के इस कार्यक्रम का संचालन प्रो. सौबान सईद ने किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर प्रो. मसूद आलम, प्रो. एहतेशाम अहमद, प्रो. हैदर अली, कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा, वित्त अधिकारी श्री साजिद आज़मी, उपकुलसचिव श्रीमती दीप्ति मिश्रा के साथ भाषा विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, अधिकरी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**Date:03/07/2024**

**भाषा विश्वविद्यालय में हुआ कैंपस प्लेसमेंट**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में बी.टेक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के बी.टेक कंप्यूटर साइंस के 35 मेधावी छात्रों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाते हुए प्रतिष्ठित कंपनी ए.डब्ल्यू.एस अमेज़न के लिए टेलीपरफॉर्मेंस ग्लोबल प्राइवेट इंडिया लिमिटेड में अच्छे पैकेज पर नौकरी प्राप्त की। इंजीनियरिंग के प्रभारी निदेशक प्रो. हैदर अली ने बताया कि यह हमारे छात्रों की कठिन परिश्रम, समर्पण और विश्वविद्यालय की उच्च स्तरीय शिक्षा प्रणाली का जीता-जागता प्रमाण है। ये विश्वविद्यालय छात्रों को न केवल उत्कृष्ट शैक्षिक ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि उन्हें व्यावहारिक दुनिया के लिए भी पूरी तरह तैयार करता है। इस प्लेसमेंट ड्राइव की सफ़लता इसी का परिणाम है। छात्रों ने अपनी काबिलियत और हुनर से विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एन बी सिंह ने सभी चयनित छात्रों को ढेरों बधाई और शुभकामनाएं दीं और साथ ही डॉ शान ए फ़ातिमा, सहायक आचार्य कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग और श्री अप्रतिम चटर्जी, सहायक आचार्य अप्लाइड साइंस और ह्यूमन स्टडीज को ये प्लेसमेंट ड्राइव सफलतापूर्वक आयोजित करने की बधाई देते हुए कहा कि ये विश्विद्यालय निरंतर अपने छात्रों को सर्वोत्तम अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में हमने पहले भी सफ़लता हासिल की है और आगे भी इसी प्रकार प्रयत्नशील रहेंगे। हमारी कामना है कि हमारे छात्र आगे भी इसी प्रकार सफ़लता की ऊंचाइयों को छूते रहें और विश्वविद्यालय का नाम गर्व से रोशन करें।

**प्रेस नोट**

**भाषा विश्वविद्यालय में नए कुलसचिव ने सम्भाला कार्यभार**

ख्वाज़ा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नए कुलसचिव ने कार्यभार सम्भाला I आज श्री महेश कुमार ने कुलसचिव का पद ग्रहण करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय से संबंधित कार्यों का जायजा लिया। इससे पहले श्री कुमार राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,

अलीगढ़ में कुलसचिव पद पर कार्यरत थे। बताते चलें की पूर्व में भाषा विश्वविद्यालय में कुलसचिव का अतिरिक्त कार्यभार परीक्षा नियंत्रक, डॉ0 भावना मिश्रा द्वारा निर्वाहन किया जा रहा था I

**मीडिया कमेटी**

**Date:08/07/2024**

**भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न विषयों में स्नातक, परास्नातक, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। बतादें कि सत्र 2024–25 के लिए ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में काउंसलिंग के प्रथम दिन प्रवेश के लिए काउंसलिंग आरम्भ कर दी गई है। जिसके अन्तर्गत अभ्यर्थियों ने विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया। प्रवेश से सम्बन्धित काउंसलिंग प्रक्रिया का यह चरण अगले दो दिवस चलेगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थी अपने चयनित विषय और मेरिट के आधार पर भाषा विश्वविद्यालय आकर काउंसलिंग कराकर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं। प्रवेश और काउंसलिंग से सम्बन्धित सभी आवश्यक जानकारी भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर विजिट कर प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश से सम्बन्धित और अधिक जानकारी भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश केन्द्र से संपर्क कर प्राप्त कर सकतें हैं।

**Date:09/07/2024**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**भाषा विश्वविद्यालय में समर्थ पोर्टल से प्रवेश प्रारंभ**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ एडमिशन प्रक्रिया samarth portal के माध्यम से एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि विभिन्न कोर्सेस में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज काउंसलिंग का दूसरा दिन रहा जिसमें भारी तादाद में अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई I साथ ही अभ्यर्थियों द्वारा समर्थ पोर्टल के माध्यम से पहली बार फीस जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गई I यहाँ बताते चलें कि भाषा विश्वविद्यालय इस सत्र से समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही अपने सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश प्रदान कर रहा है I

तीन दिवसीय काउंसलिंग का आज दूसरा दिन रहा। जो अभ्यर्थी किन्हीं कारणों से रह गए हैं वे कल विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं I

प्रो0 अहमद ने बताया की अभ्यर्थी एडमिशन की फीस समर्थ पोर्टल के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया से सम्बन्धित और अधिक जानकारी के भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www

kmclu.ac.in पर जाकर विजिट कर सकते हैं। साथ ही भाषा विश्वविद्यालय में बने प्रवेश केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं।

**प्रेस विज्ञप्ति 2**

**भाषा विश्वविद्यालय में हुआ कैंपस प्लेसमेंट**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में "तीर्थ अयोध्या टूरिज़्म एण्ड फिल्म प्रोडक्शन फर्म " द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। उक्त प्लेसमेंट ड्राइव में भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के पाँच विद्यार्थियों का चयन किया गया I चयनित विद्यार्थियों में आयुषी सक्सेना, श्रेया शुक्ला, अनुष्का मिश्रा, अर्श रिज़वी एवं मो0 शोएब शामिल रहे।

इस अवसर पर तीर्थ अयोध्या टूरिज़्म एण्ड फिल्म प्रोडक्शन फर्म के सी0 ई 0 ओ0 श्री मनमीत गुप्ता भी मौजूद रहे, उन्होंने पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर प्रयासरत रहने की दीक्षा भी दी।

वहीं चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने भविष्य में और अधिक कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव करने के लिए कहा। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के इस अवसर पर कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला, पत्रकारिता विभाग की विषय–प्रभारी डॉ0 रूचिता सुजय चौधरी एवं डॉ0 शचीन्द्रनाथ शेखर आदि शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**Date:12/07/2024**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में स्थापित ''फैकल्टी आफ फार्मेसी'' के विद्यार्थियों ने शैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत जानकीपुरम स्थित सी .एस .आई. आर-सी .डी. आर. आई. में छात्र वैज्ञानिक संयोजन कार्यक्रम जिज्ञासा मे प्रतिभाग किया जिसका मूल उद्देश्य युवा छात्रों को विज्ञान में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करना तथा  औषधियों की खोज व निर्माण में रूचि उत्पन्न करना था। डा॰0 हिजास, वैज्ञानिक सी.डी .आर .आई.  ने छात्रों को औषधि अनुसंधान से जुड़ी बारीकियों तथा अनुसंधान के क्षेत्र में अवसर व चुनौतियों के बारे में बताया।  विद्यार्थियों ने वैज्ञानिकों के साथ संवाद किया जिसमें छात्रों ने दवाओं के शारीरिक अवशोषण, वितरण, चयापचय तथा उत्सर्जन के सिद्धान्तों को समझा तथा औषध के नियमों को जाना।  छात्रों ने फार्मास्यूटिक्स, फार्माकोकाइनेटिक्स एवं फार्माकोला॰जी विभाग की प्रयोगशालाओं में हो रही रिसर्च और उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्रों के साथ सहायक आचार्य शुभम रस्तोगी, अर्चिता तिवारी, अपेक्षा सिंह एवं एहोतशाम एहमद उपस्थित रहे। फैकल्टी आफ फार्मेसी की निदेशक प्रो0 शालिनी त्रिपाठी ने छात्रों को इस तरह की शैक्षिक गतिविधियों में आगे भी प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया.

**Date:13/07/2024**

**भाषा विश्वविद्यालय में हुआ प्रवेश परीक्षा का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न विषयों की प्रवेश परीक्षा के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। बतादें कि प्रत्येक वर्ष ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ विभिन्न विषयों में एडमिशन के लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन करता है। इसी श्रृंखला में एमबीए, एमटेक, बीटेक, बीसीए, बीबीए, बीफार्मा, डीफार्मा, एमसीए में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षाओं का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। प्रवेश परीक्षा के लिए दो पालियों में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रथम पाली सुबह 11 से 12 और द्वितीय पाली 3 से 4 के मध्य किया गया। प्रथम पाली कुल 300 अभ्यर्थियों में 161 ने परीक्षा दी। वहीं द्वितीय पाली में कुल 696 में 498 अभ्यर्थियों ने लिखित प्रवेश परीक्षा दी।

**Press Release**

**भाषा विश्वविद्यालय में हुआ प्रवेश परीक्षा का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न विषयों की प्रवेश परीक्षा के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में माननीय कुलपति प्रो0 एन0बी0 सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस वर्ष से विश्वविद्यालय अपने सभी कोर्सों के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश दे रहा है। साथ ही अपने प्रोफेशनल कोर्सेस में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रवेश देगा, जिस फ़ेहरिस्त में 08 विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें B PHRMA, D PHRMA, M TECH, MBA, MCA, BCA, BBA एवं B TECH (समस्त शाखा) हेतू प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गयाI।

बतादें कि प्रत्येक वर्ष ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ विभिन्न विषयों में एडमिशन के लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन करता है। इसी श्रृंखला में एमबीए, एमटेक, बीटेक, बीसीए, बीबीए, बीफार्मा, डीफार्मा, एमसीए में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षाओं का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर आज में किया गया। प्रवेश परीक्षा के लिए दो पालियों में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रथम पाली सुबह 11 से 12 और द्वितीय पाली 3 से 4 के मध्य आयोजित की गई। प्रथम पाली में कुल 300 अभ्यर्थियों में से 161 ने परीक्षा दी। वहीं द्वितीय पाली में कुल 696 में 498 अभ्यर्थियों ने लिखित प्रवेश परीक्षा दी।

प्रवेश समन्वयक प्रो0 एहतेशाम अहमद ने साझा किया कि आज की प्रवेश परीक्षा का परिणाम 15 जुलाई को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर घोषित कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी www.kmclu.ac.in पर लॉगिन कर के अपना परिणाम देख सकते हैं I

प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन में प्रवेश समन्वयक प्रो0 एहतेशाम अहमद, प्रो0 सौबान सईद, नीरज शुक्ल, डॉ वसी अहमद आज़म अंसारी की अहम भूमिका रही I

English Press Release: The entrance examination was conducted at Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow. The written exam for various subjects' entrance was organized under the guidance of the Honorable Vice-Chancellor Prof. N.B. Singh at the university campus. Starting this year, the university is admitting students to all its courses through the Samarth portal. Additionally, the university will admit students to its professional courses through an entrance examination. Entrance exams were held for eight subjects, including B PHRMA, D PHRMA, M TECH, MBA, MCA, BCA, BBA, and B TECH (all branches).

It should be noted that every year, Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow organizes entrance exams for admission to various subjects. In this series, written exams were conducted today at the university campus for admission to MBA, M TECH, B TECH, BCA, BBA, B PHRMA, D PHRMA, and MCA. The entrance exam was held in two shifts: the first shift from 11 AM to 12 PM and the second shift from 3 PM to 4 PM. In the first shift, out of a total of 300 candidates, 161 appeared for the exam. In the second shift, out of 696 candidates, 498 appeared for the written entrance exam.

Entrance Coordinator Prof. Ehtesham Ahmed shared that the results of today's entrance exam will be announced on July 15 on the university's website. Candidates can log in to www.kmclu.ac.in to check their results.

Prof. Ehtesham Ahmed, Prof. Sauban Saeed, Neeraj Shukla, and Dr. Wasi Ahmed Azam Ansari played a significant role in the successful organization of the entrance examination.

**Date:15/07/2024**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया फील्ड विजिट**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग़ द्वारा विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय एजुकेशनल फील्ड विजिट का आयोजन हुआ। माननीय कुलपति महोदय प्रो0 एन0 बी0 सिंह के निर्देशन में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विशविद्यालय लखनऊ में स्थापित ''फैकल्टी आफ फार्मेसी'' के विद्यार्थियों ने शैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत तीन दिवसीय फील्ड विजिट में प्रतिभाग किया। यह विजिट दिनाकं 11,13 एवं 15-07-2024 को सुनिश्चित की गयी जिसका उददेश्य विद्यार्थियों में भैषजिक विज्ञान कि समझ को विकसित करना, भैषजिक विज्ञान में वनस्पतियों के मूल्य को जनना तथा फार्मा उद्योग में अपशिष्ट उपचार की प्रकिया को समझना था। पहले दिन छात्रों ने वानस्पति की अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया जहा ँ वरिष्ठ वैज्ञानिक, डा ॅ0 मनीश एस0 भोयर से छात्रों ने े पौधो के औषधीय गुणो के बारे मे विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही शोधर्थी कुलभूशण मणी त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को परिसर मे स्थपित बोन्साई पौधो, रसीले पौधो, कैक्टस पौधो एवं पौधो की लुप्तप्राय प्रजातियों से अवगत कराया। दूसरे दिन विद्यार्थियों ने भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ में स्थापित सीवेज ट्रीटमेंट प्लाट का भ्रमण किया जहां इं0 अमितेश कुमार सिह छात्रों को अपशिष्ट उपचार प्रणाली की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। तीसरे दिन छात्रों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेक्टर सी. एस. अलीगंज, लखनऊ का भ्रमण किया जहां विद्यार्थियों ने दवा वितरण प्रणाली एवं उपचार आदि की जानकारी प्राप्त की। शैक्षिक गतिविधियो का समापन छात्रों को आंचलिक विज्ञान नगरी का भ्रमण कराकर किया गया। छात्रों के साथ सहायक आचार्य एहतेशाम अहमद, शुभम रस्तोगी, अर्चिता तिवारी, अपेक्षा सिंह एवं विनोद कुमार उपस्थित रहे। फैकल्टी आँफ फार्मेसी की निदेशक प्रो0 शालिनी त्रिपाठी ने इस तरह की शैक्षिक भ्रमण को छात्रों के लिए आवश्यक बताया।

**Date:19/07/2024**

**भाषा विवि में समर्थ पोर्टल के माध्यम से पुन: एडमिशन का मौका**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न विषयों में बची हुई सीटों पर पुनः आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। विदित है कि सत्र २०२४–२५ के लिये ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में आवेदन और एडमिशन प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से हो रही है। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि 19 जुलाई से 22 जुलाई के बीच विभिन्न विषयों में एडमिशन के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से अप्लाई किया जा सकता है। जिसके आधार पर ही पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। एडमिशन से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर विजिट करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है। साथ विश्वविद्यालय में स्थापित एडमिशन केंद्र से और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**Date:20/07/2024**

**Press Release 1**

**भाषा विश्वविद्यालय में हुआ वृक्षारोपण**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रागंण में माननीय कुलपति महोदय की उपस्थिति में किया गया। बतादें कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय समय पर वृक्षारोपण से सम्बन्धित दिशा निर्देश निर्गत किये जाते हैं। शासन के इसी क्रम में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रांगण में किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 210 पीपल, पाकड़, बरगद पौधों का रोपण मंत्रोच्चार के साथ विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों से अपने अपने घर में एक पेड़ मां के नाम लगाए जाने हेतु आव्हान किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेन्द्र पाल सिंह, जल संरक्षण प्रमुख, लोक भारती अनिल, लोक भारती कार्यालय प्रमुख सौरभ, शिखा सिंह, संयोजिका, लोक भारती उत्तर भाग, विष्णु शंकर सिंह, सह संयोजक, लोक भारती उत्तर भाग, डॉ0 मीता गुप्ता, लोक भारती, अभिषेक सिंह, लोक भारती, किरण सिंह, लोक भारती, अनुराधा गुप्ता, पृथ्वी मित्र, कुमकुम, लोक भारती, उपकुलसचिव दीप्ति मिश्रा, कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ.जफरून  नकी, डॉ. अभय कृष्णा सहित आदि शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और एनएसएस, एनसीसी, रोवर्स रेंजर्स के साथ अन्य विभागों के तमाम विद्यार्थी ने प्रतिभाग किया।

**Press Release 2**

**भाषा विवि में रविवार में भी होगा एडमिशन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न विषयों में बची हुई सीटों पर पुनः आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। विदित है कि सत्र २०२४–२५ के लिये ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में आवेदन और एडमिशन प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से हो रही है। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि रविवार को भी स्नातक के सभी विषय, परास्नातक के सभी विषय, बीटेक, एमटेक, लॉ, बीकॉम, एमकॉम, बीजेएमसी, एमजेएमसी, बीबीए, एमबीए कोर्सेज में एडमिशन के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से अप्लाई किया जा सकता है। जिसके आधार पर ही पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। एडमिशन से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर विजिट करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है। साथ विश्वविद्यालय में स्थापित एडमिशन केंद्र से और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**Date:22/07/2024**

**भाषा विश्वविद्यालय में हुआ परिजात के पौधों का रोपण**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने माननीय कुलपति महोदय की उपस्थिति में किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना और राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, लखनऊ, के समन्वय के साथ ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में पौधे रोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रोपण कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सामने आचार्य नरेन्द्र देव प्रशासनिक भवन के सामने मैदान में किया गया। रोपण कार्यक्रम ने परिजात के पौधों का रोपण विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों से अपने अपने घर और आसपास के वातावरण में अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने हेतु आव्हान किया। पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना और राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, लखनऊ, के द्वारा किया गया। पौधरोपण के इस कार्यक्रम में संदीप कुमार सिंह, अपर परियोजना प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, लखनऊ, आर0सी0 वर्मा, आर0ई0, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, लखनऊ, कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ.जफरून नकी, डॉ. अभय कृष्णा सहित आदि शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी के साथ साथ विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

**Date:23/07/2024**

**Press Release**

**भाषा विश्वविद्यालय में पाएं एडमिशन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सभी विषयों में एडमिशन के लिए पुन: खोल दिया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि सत्र 2024–25 के लिए बीफार्मा, एमफार्मा, डी फार्मा, एलएलबी, बीएएलएलबी को छोड़कर बीजेएमसी, एमजेएमसी सहित सभी विषयों में बची हुई सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 24 जुलाई 2024 तक कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी अपने योग्यता के अनुसार आवेदन कर प्रवेश ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर जाकर विजिट कर सकते हैं। प्रवेश से सम्बन्धित और अधिक जानकारी विश्वविद्यालय में बने प्रवेश केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

**Date:24/07/2024**

**भाषा विश्वविद्यालय में एडमिशन की समय सीमा बढ़ी**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सभी विषयों में एडमिशन के लिए समर्थ पोर्टल को पुन: खोल दिया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि सत्र 2024–25 के लिए बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए, बीकॉम, एमकॉम, सभी विषयों में स्नातक, सभी विषयों में परास्नातक, एलएलएम, सभी डिप्लोमा, सभी सर्टिफिकेट कोर्स, बीजेएमसी, एमजेएमसी तथा सभी बीटेक और बीएससी सहित सभी विषयों में बची हुई सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 28 जुलाई 2024 तक विस्तारित कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी अपने योग्यता के अनुसार आवेदन कर प्रवेश ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर जाकर विजिट कर सकते हैं। प्रवेश से सम्बन्धित और अधिक जानकारी विश्वविद्यालय में बने प्रवेश केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

**Date:27/07/2024**

**भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का आईआईटी में हुआ एडमिशन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के दो छात्रों का आईआईटी रूड़की मे चयन हुआ है। हरदोई सीतापुर बाईपास रोड पर अवस्थित ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग से दो छात्रों का चयन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रूड़की में एमटेक कोर्स के लिए हुआ है। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विषय प्रभारी ई कौशलेश शाह ने बताया कि 2024 बैच के बीटेक छात्र अतुल कुमार एवम् प्रिंस कुमार का चयन आईआईटी रूड़की मे एमटेक में स्ट्रक्चरल इंजिनियरिंग ब्रांच मे हुआ है। दोनो छात्रा गेट एग्जाम 2024 भी पास किए है। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो नरेन्द्र बहादुर सिंह ने छात्रों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी है। इंजिनियरिंग विभाग के प्रभारी निदेशक प्रो सैयद हैदर अली एवं सहायक प्रोफ़ेसर इ. आस्था चौरसिया सहित सभी शिक्षकगण ने छात्रों को बधाई दी।

**Date:29/07/2024**

**भाषा विश्वविद्यालय में 9 सितम्बर को होगा दीक्षांत समारोह**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में दीक्षांत समारोह 9 सितम्बर को मनाया जाएगा। विदित है कि प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन प्रत्येक विश्वविद्यालय करता आ रहा है इसी कड़ी में लखनऊ के उत्तर दिशा में हरदोई सीतापुर बाईपास रोड पर अवस्थित राज्य विश्वविद्यालय की श्रेणी में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सत्र 2023–24 के लिए दीक्षांत समारोह प्रस्तावित हुआ है। दीक्षांत समारोह की तिथि 9 सितम्बर को निर्धारित हुई है। दीक्षांत समारोह के सफ़ल आयोजन हेतु माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने सभी संकाअध्यक्ष, विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर दीक्षांत समारोह के लिए सभी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

**Date:30/07/2024**

**भाषा विवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में हुआ इंटर्नशिप प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस ड्राइव में विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित समाचार पत्र अमर उजाला के लिए किया जाएगा। अमर उजाला की ओर से वरिष्ठ पत्रकार श्री सचिन त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया ।प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान सभी विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा ली गई, जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। विभाग की विभागाध्यक्ष, डॉ. रूचिता सुजई चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा, "हमारे विद्यार्थी हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं और इस तरह के अवसर उनके कौशल को और निखारने में मदद करते हैं।"इस प्लेसमेंट ड्राइव में विभाग के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

**Date:31/07/2024**

**भाषा विश्वविद्यालय एवं महर्षि विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ और महर्षि विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू हुआ। बतादें कि एमओयू किसी भी संस्था के विकास के लिये महत्वपूर्ण आयाम होता है शैक्षणिक विकास की इसी श्रृंखला में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ और महर्षि विश्वविद्यालय लखनऊ के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर हुए जिसके अन्तर्गत दोनों विश्वविद्यालय शैक्षणिक, शोध, नवाचार, शैक्षणिक एक्सचेंज कार्यक्रम पारस्परिक रूप से करेंगें। एमओयू के इस अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ से माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह एमओयू दोनों ही विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे विद्यार्थियों के लिए शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कुलपति ने बताया कि इस समझौते से दोनों ही शैक्षणिक संस्थाओं में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा जिसके अन्तर्गत संगोष्ठी और अकादमिक बैठकों का आयोजन किया जायेगा।एमओयू के इस अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ से माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह, कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, वित्त अधिकारी साजिद आज़मी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा, कुलानुशासक और नोडल अधिकारी, एमओयू डॉ. नीरज शुक्ल और महर्षि विश्वविद्यालय के ओर से माननीय कुलपति प्रो. भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

**Press Release 2**

**भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश का अन्तिम अवसर**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न विषयों में स्नातक, परास्नातक, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। बतादें कि सत्र 2024–25 के लिए ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में काउंसलिंग के माध्यम से विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जा रहा है। प्रवेश से सम्बन्धित प्रक्रिया अभी भी रिक्त सीटों पर जारी है। जिसके लिए अभ्यर्थी 30 जुलाई से 10 अगस्त के मध्य समर्थ पोर्टल के माध्यम से अप्लाई कर सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थी बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए, बीकॉम, एमकॉम, एलएलएम, विभिन्न विषयों में डिप्लोमा, सर्टिफिकेट, सभी विषयों में बीए, एमए, बीटेक आदि की बची हुई सीटों पर भाषा विश्वविद्यालय आकर काउंसलिंग कराकर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं। प्रवेश और काउंसलिंग से सम्बन्धित सभी आवश्यक जानकारी भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर विजिट कर प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश से सम्बन्धित और अधिक जानकारी भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश केन्द्र से संपर्क कर प्राप्त कर सकतें हैं।

**Pree Release 3**

**भाषा विवि में होगी 5 और 12 अगस्त को प्रवेश परीक्षा**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न विषयों के अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 05/08/24 और 12/08/24 को दोपहर एक बजे से।दो बजे की बीच आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा में बीटेक(सिविल, मेकेनिकल, कंप्यूटर और जैव प्रौद्योगिकी), एमटेक (सभी विषय), बीबीए, एमबीए, बीसीए और  एमसीए में फॉर्म भरने वाले विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि जो अभ्यर्थी पिछली परीक्षा में किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाए थे वे इस प्रवेश परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

**Press Release 4**

## भाषा विवि के डीफार्मा में प्रवेश का सुनहरा मौका

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में डीफार्मा में आवेदन के लिए समर्थ पोर्टल को पुन: खोल दिया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि सत्र 2024–25 में डीफार्मा से संबधित सीटों के लिए एक अगस्त से चार अगस्त के बीच समर्थ पोर्टल के माध्यम से अप्लाई किया जा सकता है। जिसकी प्रवेश परीक्षा पाच अगस्त को दोपहर एक बजे से विश्वविद्यालय परिसर में होगी। साथ ही JEECUP के द्वारा आने वाले अभ्यर्थी भी भाषा विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं।